## ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की सड़क सुरक्षा सेल ने इस सप्ताह के दौरान पूरे शहर में सड़क सुरक्षा जागरूकता के कई बड़े कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

दिल्ली की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ट्रैफिक (मुख्यालय और जोन–८) विजयांता गोयल आर्य ने बताया कि

इस पहल के तहत, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस चार ट्रैफिक प्रशिक्षण पार्कों में श्सड़क सुरक्षा जागरूकता ग्रीष्मकालीन शिविरख्र2026श का आयोजन कर रही है। ये पार्क बाबा खड़क सिंह मार्ग (हारकोर्ट बटलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मंदिर मार्ग), राष्ट्रीय बाल भवन, पंजाबी बाग और रोशनारा बाग में स्थित हैं। यह ग्रीष्मकालीन शिविर 18 मई 2026 से 5 जून 2026 तक तीन बैचों में आयोजित किया जा रहा है,



सड़क सुरक्षा जागरूकता ग्रीष्मकालीन शिविर का पहला बैच अभी कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए चल रहा है। इस शिविर में ट्रैफिक ड्रिल, सड़क सुरक्षा पर आधारित बोर्ड गेम्स, प्रतियोगिताएँ, नुक्कड़ नाटक (सड़क पर होने वाले नाटक), कहानी सुनाने के सत्र, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, आपदा प्रबंधन जागरूकता, प्राथमिक उपचार और सीपीआर देने का तरीका, अग्नि सुरक्षा, साइबर जागरूकता और लैंगिक संवे. दनशीलता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

ग्रीष्मकालीन शिविर की गति. विधियों के अलावा, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस स्कूलों में भी नियमित रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित कर रही है।

हंसराज मॉडल स्कूल और एनसीसी कैंप करियप्पा मार्ग में, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की एक टीम ने छात्रों के लिए एक इंटरैक्टिव (संवादात्मक) कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला के दौरान कुल 450 छात्रों, 500 कैडेटों, 25 शिक्षकों और 5 अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं और सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार के बारे में जागरूक किया गया।

इसके अलावा दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की सड़क सुरक्षा सेल ने विभिन्न अधिक ट्रैफिक वाले स्थानों पर श्चौराहा प्रबंधन कार्यक्रमश भी आयोजित किए हैं।

इनमें चौकी संख्या 2 (मंदिर मार्ग) और माँ आनंदमयी मार्ग जैसे स्थान शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ट्रैफिक के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करना, भीड़भाड़ को कम करना और दुर्घटनाओं को रोकना है। इन कार्यक्रमों का मुख्य फोकस लेन अनुशासन, ट्रैफिक प्रबंधन और जेबरा क्रॉसिंग के लिए तय समय के जरिए पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित क्रॉसिंग सुनिश्चित करने पर था। इन पहलों के जरिए, लगभग 7,100 सड़क उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित सड़क उपयोग के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली भर में कई जगहों पर ऑटो और ई-रिक्शा सड़क सुरक्षा कार्यक्रम भी आयोजित किए, इन पूरे दिन चलने वाले जागरूकता और प्रशिक्षण सत्रों में कुल 91 ड्राइवरों ने हिस्सा लिया।

शहरी आवागमन को सुरक्षित बनाने में सार्वजनिक परिवहन ड्राइवरों की अहम भूमिका को पहचानते हुए, विभिन्न डीटीसी डिपो में विशेष सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें मब–8 (द्वारका) डिपो, मब–22 (द्वारका) डिपो, रानी खेड़ा डिपो, राजघाट डिपो और नंद नगरी प्रशिक्षण स्कूल डिपो शामिल हैं।

## सेंधमारी के मामलों को देते थे अंजाम, दो सगे भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के सीआर पार्क थाने के स्टाफ ने वाहन चोरी और कई सेंधमारी के मामलों में शामिल दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके पास से ग्यारह मोबाइल,सात कलाई घड़ियाँ, दो सोने की चेन, सात चाँदी के सिक्के,लगभग 750 ग्राम सोने और चाँदी के आभूषण, 99,000 नकद, एक चाँदी की मूर्ति,एक बटनदार चाकू और चोरी की बाइक बरामद की है।

दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि सीआर पार्क थाने के पिकेट स्टाफ ने अलकनंदा मार्केट के पास नियमित वाहन चेकिंग के दौरान, वाहन चोरी और कई सेंधमारी के मामलों में शामिल दो सगे भाई को देखा।

इस दौरान पुलिस स्टाफ को देखते ही, दोनों आरोपियों ने एक बाइक पर भागने की कोशिश की, लेकिन अलर्ट टीम ने पीछा कर दोनों आरोपी दीपक उर्फ सेठी (31) और टिंकू (29) को पकड़ लिया।दोनों आरोपी सगे भाई हैं और आया नगर इलाके के रहने वाले हैं।

पुलिस पूछताछ के दौरान,आरोपी टिंकू ने बताया कि बुरी संगत के कारण दोनों भाइयों को नशे की लत लग गई थी और अपनी नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्होंने चोरी और सेंधमारी करना शुरू कर दिया था। आरोपियों ने आया नगर और आस-पास के इलाकघें में कई घरों में सेंधमारी करने की बात भी कबूल की। पुलिस ने बताया कि आरोपी मुख्य रूप से सुनसान और बंद घरों को निशाना बनाते थे, जो लंबे समय से बंद पड़े होते थे या जिनके रहने वाले बाहर गए हुए होते थे।

वे आम तौर पर रात के समय अपराध करते थे और ताले तोड़ने या लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचने से बचने के लिए छतों, बालकनियों या घरों के पिछले हिस्सों से अंदर घुसते थे। चोरी करने के बाद, वे चोरी का सामान अपने घर में छिपा देते थे और बाद में अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए जल्दी पैसे कमाने के मकसद से उसे स्थानीय बाजारों में बेच देते थे।

## शहरी परिवहन को बढ़ावा देने को लेकर राइड-शेयरिंग सेवा का शुभारंभ किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी को अधिक स्वच्छ और सुगम यातायात के लिए सतत शहरी परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

इसी क्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में, पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उपस्थिति में, उबर शेयर सेवा का शुभारंभ किया।देश के सबसे व्यस्त परिवहन केंद्रों में से एक इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (प्ळ९) हवाई अड्डे पर शुरू की गई यह सेवा यात्रियों को उबर ऐप के माध्यम से सस्ती, सुविधाजनक और सहज शेयर्ड राइड का विकल्प उपलब्ध कराएगी। यह पहल साझा परिवहन को बढ़ावा देने और उपलब्ध परिवहन अवसंरचना के अधिक प्रभावी उपयोग के उद्देश्य से शुरू की गई है। इससे एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले लगभग 7 लाख यात्रियों को लाभ मिलने की संभावना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, दिल्ली सरकार नवाचार और सतत गतिशीलता आधारित समाधानों के माध्यम से एक हरित और स्मार्ट राजधानी के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

राइड-शेयरिंग सेवा का शुभारंभ ट्रैफिक जाम कम करने, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को घटाने तथा नागरिकों को साझा और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन अपनाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नेशहरी परिवहन को बढ़ावा देने को लेकर राइड-शेयरिंग सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।**

## एक नजर

### प्रीमियम ब्यूटी सेगमेंट में वृद्धि

**नई दिल्ली।** अमेजन.इन ने घोषणा की कि वह 2026 में अपने प्लेटफॉर्म पर 100 से अधिक नए प्रीमियम ब्यूटी ब्रांड्स जोड़ने जा रहा है। इन ब्रांड्स में डोल्से एंड गब्बाना, लॉरा मर्सिए, एलेमिस, अर्बन डिके, अवेदा, ला रोशे पोसे, बायोडांस, यूसेरिन, पाउला्स चॉइस, रिफ्स और अनेसा जैसे अंतरराष्ट्रीय नाम शामिल हैं। इस साल जुलाई में होने वाले प्राइम डे के दौरान ग्राहक ग्लोबल और होमग्रोन प्रीमियम ब्यूटी ब्रांड्स पर नए लॉन्च, आकर्षक ऑफर्स और शानदार डील्स का लाभ उठा सकेंगे। अमेजन.इन के डायरेक्टर- ब्यूटी, सिद्धार्थ भगत ने कहा, "भारत का ब्यूटी उद्योग अब केवल उपलब्धता पर आधारित खरीदारी से आगे बढ़कर डिस्कवरी-ड्रिवन और जागरूक खरीदारी की ओर बढ़ रहा है।

### होंडा ने पेश किए नए मॉडल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** होंडा ने होंडा सिटी की लॉन्चिंग और अपनी ग्लोबल हाइब्रिड एसयूवी आल न्यू जेड आर -अ ई एचईवी को भारत में पहली बार पेश करने की घोषणा की। होंडा की स्पोर्टी डिजाइन और इंजीनियरिंग में बेहतरीन विरासत का जश्न मनाते हुए, ये दोनों मॉडल श्दो स्पोर्टी आइकॉनश के तौर पर आए हैं। इन्हें उन ग्राहकों के लिए बनाया गया है जो प्रीमियम स्टाइलिंग, स्पोर्टी और दमदार परफॉर्मेंस, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी और शानदार ड्राइविंग अनुभव चाहते हैं।यह लॉन्च भारत में होंडा के लिए एक अहम पड़ाव भी है, क्योंकि इसके साथ ही होंडा जेड आर-अ को पेश किया गया है। यह एक विश्व स्तर पर सराही गई प्रीमियम हाइब्रिड एसयूवी है जो अब भारतीय बाजार में अपनी शुरुआत कर रही है।

### एयर कंडीशनर की बिक्री में वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारत में इस समय तपती गर्मी का मौसम चल रहा है। कई क्षेत्रों में तापमान 45 से 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में कूलिंग अब लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन गई हैऔर एयर कंडीशनर की बिक्री में वृद्धि दर्ज की गई है। इसी स्थिति को देखते हुए भारत के क्लाइमेट टेक ब्रांड ऑप्टिमिस्ट ने एसी की अपनी पहली रेंज के साथ एयर कंडीशनिंग मार्केट में कदम रख दिया है। इस रेंज को भारत की तपती गर्मी को ध्यान में रखकर बनाया गया है। सह-संस्थापक एवं सीईओ आशीष गोयल ने कहा, 'भारत बहुत ज्यादा और अनुमान से परे गर्मी के दौर में कदम रख रहा है, जिससे कूलिंग सॉल्यूशंस अब लग्जरी नहीं बल्कि जरूरत हैं।

### डिजाइन बिल्ड व ऑपरेट ऑर्डर प्राप्त हुआ

**नई दिल्ली।** जल प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी व ए टेक वावांग को दिल्ली जल बोर्ड से "मध्यम" श्रेणी (ऑर्डर मूल्य रु 100 करोड़ से 250 करोड़ के बीच) का डिजाइन, बिल्ड एवं ऑपरेटऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर मित्राओं में 17 एमजीडी क्षमता वाले अपशिष्ट जल शोधन संयंत्र के डिजाइन, इंजी. नियरिंग, निर्माण एवं कमीशनिंग के साथ-साथ स्लज डिवॉटरिंग सुविधा, पंपिंग स्टेशन एवं संबंधित पाइपिंग कार्यों तथा उसके संच. ालन एवं रखरखाव के लिए प्राप्त हुआ है। इस ऑर्डर प्राप्ति पर टिप्पणी करते हुए, हेड ख्र सेल्स एवं मार्केटिंग (इंडिया क्लस्टर), नटराजन एस ने कहा हमें दिल्ली के सतत विकास लक्ष्यों एवं यमुना नदी की स्वच्छता के प्रयासों में सहयोग देने पर गर्व है।

## दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के शाहदरा एवं मयूर विहार जिलों के दो दिवसीय संगठात्मक प्रशिक्षण के लिए आयोजित रात्रि प्रवासिये पं. दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान सम्पूर्ण हुए।

इसी के साथ अब दिल्ली भाजपा के 252 मंडलों एवं 12 जिलों का संगठात्मक प्रशिक्षण कार्य पूर्ण हो गया है और अब केवल चांदनी चौक एवं केशवपुरम जिलों का प्रशिक्षण शेष रह गया है।

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के साथ ही पूर्वी दिल्ली से सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने आज शाहदरा एवं मयूर विहार जिलों के शिविरों को प्रदेश की प्रशिक्षण टोली सदस्यों सांसद कमलजीत सहरावत, राजकुमार शर्मा, सुमित भसीन और शाहदरा जिले के अध्यक्ष दीपक गाबा एवं मयूर विहार जिलाध्यक्ष विजेन्द्र धामा की उपस्थिती में सम्बोधित किया।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचद. वा ने मयूर विहार जिले के समापन सत्र में प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन की आवश्यकता पर तो केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने शाहदरा जिला में पार्टी की कार्य पद्धति पर अपने विचार रखे। कल प्रारम्भिक दिन के सत्रों को मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता के आलावा राष्ट्रीय नेताओं तरूण चुघ, दुष्यंत गौतम एवं ओमप्रकाश धनखड़ आदि ने भी सम्बोधित किया था।आज के अन्य सत्रों में विभिन्न सत्रों में संगठन महामंत्री पवन राणा ने विचार परिवार से भाजपा के रिश्तों पर चर्चा की, कमलजीत सहरावत ने भारत सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं पर, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने एस. आई.आर. पर, मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने आज की राजनीति में मीडिया के महत्व एवं उपयोगिता पर, कोषाध्यक्ष सतीश गर्ग ने बूथ प्रबंधन पर, वरिष्ठ नेता महेन्द्र आहूजा ने भाषण कला पर तो आई.टी. प्रमुख पुनीत अग्रवाल ने सोशल मीडिया के लाभ हानि के साथ ही चुनाव उपयोगिता पर चर्चा की।शाहदरा एवं मयूर विहार जिले के विधायक, पार्षद, यहां से राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने रजो. करी, नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों में रात्रि प्रवास किया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अपने समीक्षा समापन भाषण में कहा की सभी कार्यकर्ताओं ने देर रात तक अंताक्षनी आदि खेलकर राजनी. तिक दबाव को कम करते हुए आपसी समन्वय बढ़ाया और फिर सभी ने सुबह सामूहिक योगा का आनंद लिया।



**शाहदरा एवं मयूर विहार जिलों के दो दिवसीय संगठात्मक प्रशिक्षण के लिए आयोजित रात्रि प्रवासिये पं. दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान सम्पूर्ण हुए।**

## एमसीडी अस्पतालों में एमआरआई व सीटी स्कैन सुविधा की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एमसीडी ने अपने बड़े अस्पतालों में अत्याधुनिक सीटी स्कैन, एमआरआई सुविधाएं शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस योजना के लागू होने के बाद गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों की महंगी जांच से छुटकारा मिल जाएगा। एमसीडी के अनुसार, हिंदूराव अस्पताल, स्वामी दयानंद अस्पताल और राजन बाबू इंस्टीट्यूट ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन एंड ट्यूबरकुलोसिस में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत एडवांस इमेजिंग सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार किया है। उसके अस्पतालों में सीजीएचएस और एनएबीएच से संबद्ध नियंत्रित दरों पर एमआरआई और सीटी स्कैन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके लिए निजी कंपनी आधुनिक मशीनों की खरीद, स्थापना, संचालन और रखरखाव करेगी, जबकि एमसीडी अस्पताल परिसर में जगह उपलब्ध कराएगी।

### सुभाष यादव की जमानत खारिज

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने नारकोटिक्स इंस्पेक्टर सुभाष यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इंस्पेक्टर सुभाष यादव को एक भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## कर्मचारी यूनियन ने प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे मजदूर संघ के आह्वान पर उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन ने प्रदर्शन किया प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संगठन मंत्री एवं दिल्ली मंडल प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने कहा जहां रेल कार्य में प्रतिवर्ष कार्य की निरंतर बढ़ोतरी हो रही है परन्तु पोस्ट कम हो रही हैं। मंडल मंत्री राजेश स्वामी ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि पदों की समाप्ति से कर्मचारियों की पदोन्नति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है दिल्ली मंडल के इस




प्रदर्शन में अरविंद तेवतिया नरेश देवेंद्र छाबड़ा विवेक कंचन व सतवीर सिंह मंडल के पदाधिकारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया व दिल्ली मंडल की पुरानी दिल्ली शकूर बस्ती गाजियाबाद मेरठ शामली आनंद विहार निजामुद्दीन तुगलकाबाद कुरुक्षेत्र नई दिल्ली ब्रांचो के पदाधिकारी भी इस प्रदर्शन में सम्मिलित रहे।

## आईसीएमएआई ने 13वें राष्ट्रीय छात्र कांवोकेशन 2026 का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएमएआई) ने नई दिल्ली के सी. सुब्रमण्यम कन्वेंशन सेंटर, आईसीएआर-एनएएससी कॉम्प्लेक्स में 13वें राष्ट्रीय छात्र कॉन्वोकेशन 2026 का आयोजन किया। कार्यक्रम में देशभर से 1,200 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया, जिनमें नए कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स (सीएमए), रैंक होल्डर्स, शिक्षक, उद्योग जगत के प्रति. निधि, नीति निर्माता, पेशेवर सदस्य और अभिभावक शामिल रहे। इस आयोजन ने विकसित भारत 2047 के विजन के तहत देश के आर्थिक विकास, वित्तीय पारदर्शिता और बेहतर प्रबंधन व्यवस्था में सीएमए पेशे की बढ़ती भूमिका को सामने रखा। कार्यक्रम में दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं भारत सरकार में शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार और पूर्व केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. सत्यानारायण जटिया विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।अपने संबोधन में तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि व्यापार, शासन और अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है। ऐसे समय में आईसीएमएआई जैसे संस्थानों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

डॉ. सुकांत मजूमदार ने छात्रों को "भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीय योद्धा" बताते हुए कहा कि सीएमए देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और विक. सित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाएंगे।

## सितम ढा रही दिल्ली की गर्मी 28 मई तक ऑरेंज अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गर्मी लगातार जोर पकड़ रही है। अभी सप्ताह भर दिल्लीवासियों को ऐसी ही भीषण गर्मी का सामना करना होगा। तीखी धूप में तापमान में तेजी से वृद्धि होगी और लू भी चलेगी। मौसम विभाग ने 28 मई तक के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दूसरी तरफ दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में चल रही है। शुक्रवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 29.3 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 46 डिग्री के आसपास रहा। दिन भर आसमान साफ रहेगा एवं तेज धूप भी निकली । गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों का बाहर निकलना मुहाल कर दिया। शुक्रवार को सुबह 9 बजे दिल्ली का एक्यूआई 226 दर्ज किया गया।

## हैदराबाद में 13 जून से नेशनल यूनानी सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के सेक्रेटरी जनरल डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि 13 और 14 जून, 2026 को हैदराबाद में 'यूनानी तिब्ब में स्कोप और शक्ति' पर दो दिन के नेशनल यूनानी सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने खुशी जताई और कहा कि 'सत्या यूनानी ग्रुप और ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस (टेक्निकल विंग)' के संयुक्त तत्वाधान में हैदराबाद के नामपल्ली स्थित तेलुगु यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में इस प्रोग्राम को आयोजित करने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और देश भर से भारी संख्या में डेलीगेट्स का रजिस्ट्रेशन भी चल रहा है।

डॉ. सैयद अहमद खान ने आगे कहा कि ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के नेशनल प्रेसिडेंट, प्रो. मुश्ताक अहमद प्रोग्राम की अध्यक्षता करेंगे और इस मौके पर एक फ्री यूनानी मेडिकल कैंप और मेडिसिनल पौधों का फ्री डिस्ट्रीब्यूशन भी रखा गया है, जिससे न सिर्फ लोगों को जमीनी लेवल पर यूनानी मेडिसिन से जुड़ने का मौका मिलेगा, बल्कि उन्हें फायदा भी होगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎011-41509401-2

फैक्स: 011-41509403

मुख्यालय मोबाइल 9720007290

R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# फर्जी कंपनियां बनाकर ठगी करने वाले दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने फर्जी कंपनियां बनाकर साइबर ठगी की रकम इधर-उधर करने वाले गिरोह के तीन जालसाजों को सेक्टर-44 से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल किए गए पांच मोबाइल फोन, 2800 रुपये, एक मुहर और कई जरूरी दस्तावेज बरामद हुए। डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि आरोपियों की पहचान अविनाश झा, हिमांशु कुमार और जितेंद्र दहिया उर्फ आशू के रूप में हुई। तीनों दिल्ली के रहने वाले हैं। आरोपी फर्जी कंपनियां बनाते और उन्हीं के नाम पर अलग-अलग बैंकों में करंट अकाउंट खुलवाते। इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी से आए रुपये को जमा करने और फिर दूसरी जगह ट्रांसफर करने में



किया जाता, ताकि रकम वैध दिखाई दे सके। जांच में इन खातों में करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन सामने आया है।

पूछताछ में आरोपियों ने माना कि वे लंबे समय से इस काम में शामिल थे और साइबर ठगी की रकम को अलग-अलग खातों के जरिए घुमाते थे। पुलिस का यह भी कहना है कि आरोपियों के खिलाफ कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, पंजाब समेत कई राज्यों में साइबर धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपियों के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है और बैंक खातों की भी जांच कर रही है। टीम यह भी पता लगाने में जुटी है कि इस गैंग ने अब तक कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया है।

अविनाश गिरोह का सबसे उम्रदराज सदस्य है, उसकी उम्र 29 साल है। हिमांशु कुमार 26 और जितेंद्र 27 साल का है। तीनों आरोपी 12वीं तक पढ़े हैं और बीते कई महीने से इस प्रकार के फर्जीवाड़े में शामिल हैं।

**पुलिस की अपील:** पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर अपने नाम से बैंक खाता या कंपनी रजिस्टर न कराएं। अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग की जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने या अनजान ऐप डाउनलोड करने से बचें। अगर बैंक खाते में कोई संदिग्ध लेनदेन दिखे या साइबर ठगी का शक हो तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करें। इसके अलावा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर जानकारी दें। थोड़ी सी सावधानी से साइबर ठगी से बचा जा सकता है।

# कार का शीशा तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का हिस्ट्रीशीटर सरगना गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सड़क किनारे बाजार में खड़ी होने वाली कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप और नकदी उड़ाने वाले गिरोह के सरगना और उसके साथी को सेक्टर-39 थाना पुलिस ने सदरपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। सेक्टर-39 थाना प्रभारी डीपी शुक्ला ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान विशाल शर्मा उर्फ ढोला निवासी सदरपुर और सनी निवासी हाथरस के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया है कि उन्होंने बीते 9 मई को शर्मा मार्केट में खड़ी एक कार का शीशा तोड़कर उसमें रखे दो लाख रुपये चोरी किए थे।

आरोपियों ने बताया कि चोरी की अधिकांश रकम उन्होंने मौज-मस्ती और निजी खर्चों में उड़ा दी। बरामद किए गए 10



हजार रुपये चोरी की रकम का ही हिस्सा हैं।

पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी वारदात के समय लोगों को डराने और धमकाने के लिए अपने पास तमंचा व चाकू रखते थे।पुलिस रेकार्ड के मुताबिक, पकड़ा गया आरोपी विशाल शर्मा हिस्ट्रीशीटर है, इसके खिलाफ नोएडा और एनसीआर के विभिन्न थानों में लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और मारपीट समेत 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर प्रताड़ना, मारपीट और परेशान करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि विवाहिता ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में मृतका के पिता राकेश सिंह ने बताया कि उनकी बेटी सोनिका भाटी ने 14 अगस्त 2015 को कासना थाना क्षेत्र के चीरसी निवासी सुभाष शर्मा से प्रेम विवाह किया था। सोनिका मूल रूप से बुलंदशहर के कमालपुर गांव की रहने वाली थी। पिता के अनुसार, शादी के बाद से ही ससुराल वाले सोनिका को लगातार परेशान कर रहे थे।

# भीषण गर्मी का प्रकोप जारी, तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

## तेज धूप निकली, लोग मुंह पर कपड़ा बांधकर घरों से निकल रहे, सावधानी बरतने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और आसपास के इलाकों में गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। भारतीय मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए जिले में हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 23 मई को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहने की संभावना है।

शुक्रवार सुबह से तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को उमस और गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि हवा में करीब 60 प्रतिशत नमी रहने से गर्मी का असर और ज्यादा महसूस होगा। रात के



समय भी लोगों को राहत मिलने की उम्मीद कम है। आईएमडी ने वार्म नाइट को लेकर भी चेतावनी जारी की है, यानी रात में भी तापमान सामान्य से अधिक बना रहेगा।

**असर:** मौसम विभाग ने 24 मई से 26 मई तक नोएडा में हीट वेव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

26 **मई तक हीट वेव का असर:** ... इस दौरान भी तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रह सकता है।

**लोगों को सावधानी बरतने की सलाह:** स्वास्थ्य विभाग और मौसम विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। खासतौर पर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है।

लोगों को ज्यादा पानी पीने, हल्के और सूती कपड़े पहनने तथा सीधे धूप में जाने से बचने की सलाह दी गई है। लगातार बढ़ती गर्मी के कारण दोपहर के समय शहर की सड़कों पर आवाजाही भी कम दिखाई दे रही है।

## एक नजर

### घर का ताला तोड़कर नगदी-गहने चुराए

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी कस्बे की एस्कॉर्ट कॉलोनी में बदमाश एक घर का ताला तोड़कर नगदी और गहने चोरी कर ले गए। घटना के समय पीड़ित दिल्ली अपने बेटे के पास गए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित मांगेराम ने बताया कि वह आठ मई को घर का ताला बंदकर अपने बेटे के पास दिल्ली गए थे। जब वह नौ मई को वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने और नगदी गायब थी। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। चोरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### यूपीएससी 24 को, परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट अधिकारी तैनात

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नीट पेपर लीक के बाद जिला प्रशासन यूपीएससी परीक्षा को लेकर सर्तक हो गया है। 24 मई को दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा से पहले जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए सभी केंद्रों पर लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर और सेक्टर मजिस्ट्रेट अधिकारियों की तैनाती की गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा की गोपनीय, सुरक्षा व्यवस्था एवं आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 34 केंद्रों पर परीक्षा होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 09:30 से 11:30 और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 02:30 से 04:30 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा में करीब 12 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे।

### सरकारी अस्पतालों को प्लॉट आवंटित करने की मांग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** निजी अस्पतालों के लिए नोएडा प्राधिकरण की प्लॉट योजना का एक्टिव सिटीजन टीम ने विरोध किया। उसने सरकारी अस्पतालों के लिए प्लॉट आवंटित करने की मांग की। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पांडेय को सौंपा। इसमें कहा गया है कि नोएडा प्राधिकरण ने निजी संस्थानों के लिए प्लॉट आवंटन की स्कीम निकाली है जबकि पहले से ही अनुपात के हिसाब से नोएडा में निजी 95 फीसदी व सरकारी अस्पतालों का अनुपात केवल 5 फीसदी है। नोएडा में बड़ी संख्या में निम्न, मध्यम वर्ग, नौकरी पेशा, किसान, मजदूर की है। बड़े प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के भारी भरकम खर्च को उठाने में सक्षम नहीं है। इस अवसर पर मंजीत सिंह, रमेश प्रेम चंदानी, हरेंद्र भाटी, आलोक सिंह, अंजु पुंडीर, साधना सिन्हा और सुनील प्रधान मौजूद रहे।

### मोबाइल और पढ़ाई के दबाव में 12वीं की छात्रा ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के दादरी कस्बे से एक दुखद मामला सामने आया है, जहां 12वीं कक्षा की एक छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्राम डेरिन दादरी निवासी तनु भाटी पुत्री रमित भाटी ने अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि मृतका 12वीं कक्षा की छात्रा थी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि पढ़ाई को लेकर उसकी मां ने उसे डांटा था, जिसके बाद वह मानसिक तनाव में थी।

# दिल्ली से नोएडा के बीच नमो भारत का नया रूट बनेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को जोड़ने वाला नमो भारत का नया कॉरिडोर बनेगा. इसमें 11-12 स्टेशनों के बीच हाईस्पीड सफर तय होगा। नमो भारत ट्रेन से दिल्ली-नोएडा हवाई अड्डे का यात्रा समय घटकर 20-21 मिनट हो सकता है. उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने ये दावा किया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित हाई-स्पीड रेल कनेक्टिविटी योजना के तहत दिल्ली और नोएडा एयरपोर्ट के बीच यात्रा का समय घटकर बेहद कम होगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रोजेक्ट की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि दिल्ली को जेवर हवाई अड्डे से जोड़ने वाली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की डीपीआर को यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंजूरी दे दी है। इसे केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय को भेज दिया गया है।

ये हाईस्पीड रैपिड रेल कॉरिडोर का रूट दिल्ली के सराय काले खां से डीएनडी फ्लाईवे, नोएडा सिटी सेंटर, एनएसईजेड , सूरजपुर, परी चौक और यीडा सेक्टरों से होते हुए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर समाप्त होगा. इस रूट से दिल्ली के कुछ हिस्सों से नोएडा एयरपोर्ट की दूरी महज 21 मिनट में पूरी होगी। गाजियाबाद से जेवर तक यह कॉरिडोर गाजियाबाद स्टेशन पर मौजूदा दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर से इंटरकनेक्ट होगा।

## फ्यूटेक गेटवे में फटा कंप्रेसर, लगी आग

**नोएडा।** नोएडा शहर में एसी से आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। शुक्रवार को सेक्टर-75 की फ्यूटेक गेटवे सोसाइटी में एसी कंप्रेसर फटने से आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। वहीं दोपहर बाद सेक्टर-56 की बीपीसीएल सोसाइटी के सातवें फ्लोर पर भी एसी से आग लग गई, जिसे बुझाया गया। फायर ब्रिगेड ने बताया कि ऐसी घटनाओं का मुख्य कारण एसी में ब्लास्ट और शॉर्ट सर्किट है। इनसे बचने के लिए वायरिंग की नियमित टेस्टिंग और एसी की समय पर सर्विसिंग करवाएं। एसी को लगातार चलाकर न रखें। माचिस, लाइटर का उपयोग सावधानी से करें और दीपक अकेला न छोड़ें।

# मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं, जीबीयू के छात्र ने सोशल मीडिया पर डाला वीडियो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के बीए एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्र द्वारा इंटरनेट मीडिया पर खुद का एक भावुक वीडियो प्रसारित करने के बाद देर रात हड़कंप मच गया। वीडियो में छात्र ने इसे जीवन का अंतिम वीडियो बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन पर प्रताड़ना और सुविधाएं न देने के आरोप लगाए। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन सक्रिय हो गया। बाद में छात्र दिल्ली स्थित अपने घर पर सुरक्षित मिला।

मूलरूप से प्रयागराज निवासी छात्र अक्षत त्रिपाठी ने करीब दो मिनट 53 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में उसने विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर, हॉस्टल वार्डन और प्रॉक्टोरियल बोर्ड के कुछ सदस्यों पर झूठे आरोप लगाकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। छात्र ने कहा कि विद्यार्थियों से लाखों रुपये फीस लेने के बावजूद हॉस्टल में पर्याप्त सुविधाएं नहीं दी जा रहीं।

वीडियो वायरल होने के बाद देर रात पुलिस प्रशासन हरकत में आया। पुलिस के मुताबिक बृहस्पतिवार रात करीब 2 बजे वीडियो संज्ञान में आने के बाद छात्र की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीमों ने लोकेशन ट्रैक की और पता चला कि छात्र दिल्ली में अपने परिजन के पास पहुंच चुका है। पुलिस जांच में सामने आया कि छात्र ने अपने भाई से संपर्क कर ऑनलाइन टैक्सी के माध्यम से दिल्ली स्थित घर तक पहुंचने की व्यवस्था की थी। एडीसीपी संतोष कुमार के अनुसार का कहना है कि मामले में ईकोटेक-1 कोतवाली में कोई शिकायत नहीं की गई है।

प्रबंधन ने आरोपों को निराधार और भ्रामक बताया: विश्वविद्यालय प्रशासन ने वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों को निराधार और भ्रामक बताया है। विश्वविद्यालय के प्रभारी छात्र कल्याण की ओर से जारी बयान में कहा गया कि वीडियो सामने आते ही छात्र के परिजन से संपर्क किया गया था और उसकी मां ने छात्र के सुरक्षित घर पहुंचने की पुष्टि की थी। प्रशासन का कहना है कि इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित की जा रही सूचनाएं तथ्यों से परे हैं।

## विवाद में पिता-पुत्र पर हमला

**नोएडा।** सेक्टर 105 स्थित हाजीपुर गांव स्थित हाइटेक होम्स सोसाइटी में मामूली विवाद में आरोपियों ने पिता-पुत्र के साथ मारपीट की। विरोध करने पर आरोपी दोनों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने घटना के करीब आठ महीने बाद एक नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाने में दी शिकायत में हाजीपुर के गली नंबर आठ में रहने वाले राजाराम शर्मा ने बताया कि बीते साल पांच अक्तूबर को रात ग्यारह बजे के करीब सोसाइटी मे रहने वाले गोपाल शर्मा ने उनके पास कॉल की और नीचे मिलने के लिए बुलाया।

# नोएडा-ग्रेनो वेस्ट मेट्रो को जून में मिलेगी हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट मेट्रो परियोजना के लिए जून के पहले सप्ताह में पब्लिक इनवेस्टमेंट बोर्ड (पीआईबी) से मंजूरी मिल सकती है। इसके लिए 6-7 जून को संभावित बैठक होगी। बैठक में नोएडा मेट्रो रेल कापोरेशन के एमडी इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देंगे।

इसके बाद परियोजना की लागत व उपयोगिता को मंजूरी मंत्रालय स्तर पर मिल सकेगी, जिसके बाद प्रस्ताव कैबिनेट में जाएगा। पीआईबी की बैठक में ही एनएमआरसी अधिकारियों को परियोजना के प्रस्तुतिकरण के लिए बुलाया जाएगा। सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा वेस्ट सेक्टर-4 (किसान चौक) तक मेट्रो परियोजना की अभी लागत 900 करोड़ रुपए है। ग्रेनो वेस्ट मेट्रो में एनएमआरसी ने किसान चौक तक 5 स्टेशन का कॉरिडोर बनाने का निर्णय लिया है। इस लिहाज से इस प्रस्ताव को अलग से मंत्रालय में भेजा गया है। मेट्रो अधिकारियों का कहना है कि अगर आरआरटीएस के प्रस्तावित रूट को भी मंजूरी मिल जाती है तो इस 5 स्टेशन वाले सेक्टर-51 से ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-4 तक के मेट्रो रूट पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ये रूट आरआरटीएस से अलग होगा और नोएडा-ग्रेनो वेस्ट को जोड़ेगा। 7.5 किलोमीटर के इस रूट पर 5 मेट्रो स्टेशन सेक्टर-61, 70,122, 123 और ग्रेटर नोएडा सेक्टर-4 (किसान चौक के पास) शामिल हैं।

**ये लाइन आरआरटीएस को जोड़ेगा:** ये लाइन ही गाजियाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक प्रस्तावित आरआरटीएस को जोड़ेगा। जिससे नोएडा के निवासी मेट्रो और आरआरटीएस के जरिए जेवर एयरपोर्ट तक जा सकेंगे। हालांकि इसके निर्माण में करीब दो साल का समय लग जाएगी। लेकिन इस लाइन से एक लूप तैयार होगा। जिससे गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटरनोएडा और दिल्ली आना जाना आसान होगा।

**1.25 लाख लोगों को फायदा:** इस रूट के बनने से करीब 1.25 और इससे ज्यादा लोगों को फायदा होगा। साथ ही ग्रेनो वेस्ट , गौड़ चौक और नोएडा से ग्रेनो वेस्ट जाने वाले लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट और जाम से निजात मिल जाएगा। ये एक्सटेंशन लाइन होगी। इसका बजट भी कम होगा। इक्विटी के अनुसार केंद्र सरकार , राज्य सरकार , नोएडा और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण सभी मिलकर पैसा खर्च करेंगे। जिससे निर्माण हो सकेगा।

# गर्मी की छुट्टियों में स्कूल बंद, प्रिंसिपल बने चौकीदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गर्मी की छुट्टियों में सरकारी विद्यालयों में लगे स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, लैपटॉप और अन्य आईसीटी उपकरणों की सुरक्षा को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए हैं। अब इन निर्देशों को लेकर शिक्षकों के बीच चर्चा शुरू हो गई है कि विद्यालय बंद रहने के बावजूद प्रधानाध्यापकों को चौकीदार जैसी जिम्मेदारी निभानी पड़ रही है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और विद्यालय प्रधानाध्यापकों को पत्र जारी कर कहा है कि विद्यालयों में विभागीय, सीएसआर, एनजीओ और अन्य योजनाओं के तहत उपलब्ध कराए गए स्मार्ट टीवी, स्मार्ट क्लासरूम सेट, इन्वर्टर, बैटरी, प्रोजेक्टर, लैपटॉप, डेस्कटॉप, माउस, एक्सटेंशन बोर्ड और स्पीकर सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को सुरक्षित रखा जाए।

जिले के बेसिक विद्यालयों में 20 मई से 15 जून 2026 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित है। इस दौरान स्कूलों में नियमित गतिविधियां नहीं होंगी, लेकिन उपकरणों की सुरक्षा और निगरानी की पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रधानाध्यापकों की रहेगी। बीएसए ने बताया कि ऐसे निर्देश हर वर्ष जारी किए जाते हैं। विद्यालय परिसर और वहां उपलब्ध संसाधनों की सुरक्षा संबंधित विद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है।

# 14वें फ्लोर से कूदकर महिला ने किया सुसाइड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के थाना एक्सप्रेस-वे क्षेत्र स्थित सेक्टर-135 की वुड होम रेजिडेंट सोसाइटी में शुक्रवार को एक महिला ने 14 फ्लोर से कूदकर सुसाइड कर लिया। घटना के बाद सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि महिला मानसिक रुप से परेशान थी।

पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान लिली टंडन (करीब 35 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला का तलाक हो चुका था और वह सोसाइटी के फ्लैट में अकेली रहती थी। वह एक निजी कंपनी में काम करती थी। घटना की सूचना गार्ड ने डायल-112 पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि महिला मृत अवस्था में मिली।

**मोबाइल फोन से ली जा रही जानकारी:** घटना के बाद फील्ड यूनिट टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य जुटाकर निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। शुरुआती जांच में मामला सुसाइड का माना जा रहा है, हालांकि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। महिला ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका पता लगाने के लिए उसके मोबाइल फोन और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार:** थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस का कहना है कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर शिवानी रावत द्वारा आज जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया तथा महिला बंदियों हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार एवं उप जेलर सुरजीत सिंह उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में वर्तमान में 2432 बंदी निरुद्ध हैं। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिला बैरक का निरीक्षण कर उपस्थित महिला बंदियों के लिए विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान महिला बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा उनके मुकदमों से संबंधित कार्डो का भी अवलोकन किया गया। साथ ही बंदियों को उपलब्ध अधिवक्ताओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

पूछताछ के दौरान महिला बंदियों द्वारा बताया गया कि सभी को निजी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर की ओर से अधिवक्ता उपलब्ध



कराए गए हैं। इस पर सचिव द्वारा जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि महिला बंदियों के मुकदमों से संबंधित कार्डो पर अधिवक्ताओं के नाम स्पष्ट रूप से अंकित किए जाएं। साथ ही महिला बैरक में साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

इसके अतिरिक्त जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में स्थापित विधिक सहायता केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदी पीएलवी द्वारा अन्य बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता संबंधी कार्यो की समीक्षा की गई।

पीएलवी द्वारा संधारित रजिस्टर एवं अभिलेखों के रखरखाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि सभी बंदियों को समयबद्ध रूप से विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा कारागार में कोई भी ऐसा बंदी न रहे, जिसके पास अधिवक्ता उपलब्ध न हो।

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला कारागार में बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु मुलाकाती स्थल पर शीघ्र ही हेल्प डेस्क प्रारंभ किया जाएगा। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से बंदियों के परिजन विधिक सलाह एवं विभिन्न विधिक सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे।

